Section 8A The court shall take cognizance on submission of report by the police or on a complaint made by an aggrieved person within one year of the commission of the offence.

धारा 8बी दहेज निषेध पदाधिकारी की नियुक्ति राज्य सरकार द्वारा की जाएगी जो बनाये गये नियमों का अनुपालन कराने या दहेज की मांग के लिए उकसाने या लेने से रोकने या अपराध कारित करने से संबंधित साक्ष्य जुटाने का कार्य करेगा ।

Section 8B The State Govt. shall appoint Dowry prohibition officer to implement provisions of the Act or to prevent the taking or abetting or demanding dowry or collect evidence for prosection.

डायन प्रथा निवारण अधिनियम 1999

Prevention of Dain (writchcraft) Act 1999

धारा 2(2) डायन से अभिप्रेत उस औरत से है जिसकी पहचान किसी दूसरे व्यक्ति को काला-जादू, बुरी नजर या मंत्रों से हानि पहुँचाने की शक्ति रखने वाले के रूप में की जाती है ।

Section 2(2) Dain (witch) means such a women who possesses power to cause harm to any other person by means of evil spirit, illusion, phantasm or witchery.

धारा-2(3) पहचानकर्त्ता से अभिप्रेत है उस व्यक्ति से है जो यदि किसी व्यक्ति को डायन के रूप में चिह्नित करने के लिए दूसरे व्यक्ति को बहकाता अथवा सुविधा देता है जिससे चिह्नित व्यक्ति को हानि पहुँचे या पहुँचने की संभावना हो ।

Section 2(3) Identifer is a person who initially identities any other person as a witch or who otherwise abets, instigates or facilitate with instend to causing harm to safty, security and reputations of the person whom he identifies as witch (Daain)

धारा 2(4) ओझा से अभिप्रेत उस व्यक्ति से है जो यह दावा करता है कि वह डायन को नियंत्रित करने की क्षमता रखता है । वह गुणी या शेखा या अन्य नाम से भी जाना जाता है ।

Section 2(4) Ojha is a person who claims to possess capacity to control Daain (witch) whether he is known in the name of "Guni" or “Sokha" or any other name.

धारा-6 यदि कोई व्यक्ति किसी महिला जिसकी डायन के रूप में पहचान की गयी हो, के उपचार के लिए झाड़-फूँक या टोटका कर मानसिक हानि या यातना पहुँचाता है या प्रताड़ित करता है तो उसे एक वर्ष तक के कारावास की सजा या दो हजार का जुर्माना या दोनों से दंडित किया जाएगा ।

Section 6 If a woman identified as a Daain (witch) and she in order to redress causes mental harm or torture incourse of exorcism, the person does exorcism on such woman shall be punished for imprisonment upto one year or fime of rupees two thousand or by both.

अनैतिक दुर्व्यापार (निवारण) अधिनियम 1956

The Immoral Traffic (prevention) Act 1956

धारा 2(क) वेश्यालय उस जगह को कहते है जिस कमरा, स्थान, गृह या किसी स्थान पर दैहिक शोषण या दुर्व्यवहार किया जाता है जो किसी के लाभ या आपसी लाभ के लिए व्यवहृत किया जाता हो ।

Section 2(a) Brothel includes any house, room (conveyance) or place which is used for purpose of sexual exploitation or abuse for the gain of other person or for the mutual gain of two or more prostitutes.

धारा 2(झ) वेश्यावृत्ति से मतलब है व्यवसायिक दृष्टि से दैहिक शोषण या दुर्व्यवहार किया जाना ।

Section 2(f)
Prostitution means the sexual exploitation or abuse of a person for commercial purpose.

धारा 3 जो कोई व्यक्ति वेश्यालय चलाता है या परिसर को उस रूप में व्यवहार करने की इजाजत देता है, उसे इस अधिनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत सजा दी जाती है ।

Section 3 If any person keeps brothel or allows premises to be used as a brothel shall be punished under the provision.

धारा 4 कोई व्यक्ति जो 18 वर्ष से अधिक उम्र का है और वेश्यावृति पर अपनी जीविका चलाता है उसे भी प्रावधान के अन्तर्गत सजा मिलेगी ।

Section 4
Any person over the age of 18 years lives on earninings of the prostitution shall be punished under the provision.

धारा- 5 वेश्यावृत्ति के लिए उकसाने या प्रवृत्त करने के लिए वह व्यक्ति सजा पाने का हकदार होगा और यदि वह नाबालिग को ऐसा करने के लिए उकसाता है तो वह अधिक सजा का भागी होगा ।

Section 5 Any person who procures or taking person for the sake of prostitution shall be puished under the provision and if a minor under the law is persuaded, the guilty person will get more severe punishment.

धारा 6 यदि कोई व्यक्ति दूसरे के साथ अनैतिक शारीरिक संबंध स्थापित करने के लिए उसे अवरूद्ध करता है तो वह सजा पाने का हकदार होगा । नाबालिग के साथ ऐसा घटित होने पर अधिक गम्भीर सजा का प्रावधान किया गया है ।

Section 6 Any person who detains any other person to have sexeual intercourse shall be punished under the provision. If a minor is exploited shall be punished severally.

धारा 13 विशेष पुलिस पदाधिकारी, जो इंस्पेक्टर से नीचे का नहीं होगा, कि नियुक्ति और सलहाकार बोर्ड का गठन राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा और केन्द्र सरकार ट्रैफिकिंग पुलिस पदाधिकारी की नियुक्ति अपराध की जाँच के लिए करेगी ।

Section 13 Special Police Officer not below the rank of Inspector shall be appointed and advisory body shall be associated by the State government and the Central Govt may appoint trafficking Police Officers for investigation of an offence.

धारा- 21 रक्षा गृह की स्थापना राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा तथा राज्य सरकार किसी व्यक्ति या प्राधिकार को सुधार गृह की स्थापना के लिए अनुज्ञप्ति भी जारी कर सकेगा ।

Section 21 The State Govt. may establish protective house and may issue licence to a person or authority for establishing protective house or corrective house.

महिलाओं की अशिष्ट प्रस्तुति (प्रतिषेध) अधिनियम, 1986

धारा 3 कोई भी व्यक्ति महिलाओं की अशिष्ट प्रस्तुति करने वाला प्रकाशन, प्रदर्शन या विज्ञापन नहीं करेगा ।

धारा 4 कोई भी व्यक्ति महिलाओं की अमर्यादित छवि प्रस्तुत करने वाले पुस्तक, चित्र, स्लाइड, लेख, चित्रकारी इत्यादि का प्रकाशन या बिक्रय या वितरण या डाक द्वारा प्रेषण नहीं करेगा ।

धारा 6

शास्ति (दण्ड)

कोई व्यक्ति धारा 3 व 4 का उल्लंघन करता है तो प्रथम बार ऐसा करने पर दो वर्ष तक के कारावास की सजा तथा दस हजार रूपये तक का जुर्माना और दूसरी बार उल्लंघन करने पर कम से कम छः माह और अधिक से अधिक पाँच वर्ष तक के कारावास की सजा एवं कम से कम दस हजार रूपये और अधिक से अधिक एक लाख रूपये के जुर्माने से दण्दित हो सकता है ।

The Indecent Representation of Women (prohibition) Act, 1986

Section3 No person shall publish or cause to be published or arrange or take part in the publication or exhibition or any advertisement which contains indecent representation of women in any form.

Section. 4 No person shall produce or cause to be produced, sell, let to hire, distribute, circulate or send by post any book, pamphalet, paper, writing, drawing painting, photograph or figure containing indecent representation of women.

Section 6

Penally

Any person contravens the provision of section 3 or 4 shall be punished on first conviction with improsionment of either description for a term which may extend to two years and with fine which may extend to ten thousand and in the event of a second or subsequent conviction for a term of not less than six months but may extend to five years and also with a fine not less than ten thousand but which may extend to one lac rupees.

गर्भ का चिकित्सकीय समापन अधिनियम, 1971

धारा 3 निबंधित चिकित्सक द्वारा गर्भ का समापन किया जा सकता है यदि गर्भ 12 सप्ताह से अधिक का न हो या 12 सप्ताह से ऊपर पर 20 सप्ताह से अधिक का न हों एवं दो चिकित्सक एकमत हो और चिकित्सक को समाधान हो जाए कि गर्भ के बने रहने से गर्भवती के जीवन को या उसके शारीरिक या मानसिक स्वास्थ्य को गम्भीर खतरा है या संतान उत्पन्न होने पर संतान शारीरिक या मानसिक विसंगति या

Medical Termination of pregnancy Act 1971

Section 3 A registered medical proctitioner may terminate pregnancy of a women if the pregnancy length does not exceed 12 weeks and if exceeds 12 weeks but does not exceed 20 weeks and two medical practitioners form opinion that pregnancy would involve risk to the life or grave injury to women's physical or mental health or if the child were born, it would suffer from such physical or mental abnormalties as to be seriously

अपंगता का शिकार हो सकती है ।
स्पष्टीकरण:

बलात्कार, या संतान की संख्या सीमित करने के उपाय विफल होने पर या 18 वर्ष से कम की उम्र में गर्भ धारण करने पर या पागल अवस्था में गर्भ धारण करने पर अविभावक की लिखित सहमति से गर्भ समापन किया जा सकता है । (धारा-4)

handicapped.
Explanation:

If pregnancy has been caused by rape or pregnancy occurs in resect of failure of devise used by married women or husband for limiting the number of children, in this case also pregnancy may be terminated and also incase of pregnancy occurs before attaining 18 years or a lunatic, pregnancy may be terminated with consent in writing and of guardian.

जन्म पूर्व परीक्षण तकनीक (दुरूपयोग का विनियमन एवं निवारण) अधिनियम, 1994

Pre-natal Diagnostic Techniques (Regulation and prevention of misuse) Act, 1994.

धारा-6 किसी भी कार्यशाला या सेन्टर या प्रयोगशाला द्वारा लिंग निर्धारण हेतु जाँच नहीं किया जायेगा । लेकिन संतानोत्पति पूर्व किसी विसंगति, जो वंशानुगत या अन्य बिमारी के संबंध में हो, की जाँच गर्भवती महिला की लिखित सहमति से और जाँच से होने वाले सभी असर को बता कर किया जा सकता है ।

Section 6 No person shall conduct pre-natal diagnostic technics for the purpose of determing the sex of a foetus as per section 4 such diagnostic technics may be conducted on obtaining consent in writing informing about side effects.
(Section 5) for abnormalities either chromosonal or congenital or disease if pregnant women is above 35 years or has undergone two or more spontaneous abortion or exposed to radiation infection or chemicals or woman has a family history of mental retardation or physical deformities.

मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961

The Maternity Benefit Act, 1961

धारा 2 व 3 के अनुसार फैक्ट्री, खान, जमीन जहाँ उत्पादन हो या संस्थान वगैरह में वहाँ कार्यरत, महिलाओं के संबंध में प्रदत्त सुविधाएँ दी जाने के लिए प्रावधान लागू होगा । यह सरकारी संस्थान एवं जहाँ 10 या अधिक कामगार कार्यरत है

As per section 2 & 3 the provision will be applicable to working women of Govt. establishment or an establishment where 10 or more women are working in a factory, mine, plantation etc or employed for the exhibition of equestrian, acrobatic and

तथा कठिन कार्य, घुड़सवारी से संबंधित या अन्य कार्य करने वाली महिलाओं को (धारा 4) के अनुसार कोई भी नियोक्ता संतान के जन्म देने या गर्भापात हो जाने या करायेजाने से छः सप्ताह तक महिला से कार्य नहीं लिया जाएगा तथा कठिन कार्य गर्भावस्था के दरम्यान नहीं लिया जाएगा यदि निवेदन किया जाता है तथा धारा 5 के अनुसार औसत दैनिक मजदूरी अनुपस्थिति के दौरान पाने का हकदार होगी जोतीन माह तक कार्य की हो तथा कम से कम 80 दिनों तक बारह महीनों में कार्य की होऔर 12 सप्ताह तक लाभ मिल सकेगा ।

other performance of an establishment and maternity benefit to a pregnant women or in case of abortion or medical termination of pregnancy no work will be required to do (Sec. 4) if so requested and average daily wage shall be paid during absence of such period (section 5) but women should have worked for three months and not less than 80 days in the 12 months and benefit will be given for 12 weeks.

धारा-6 कार्यरत महिला द्वारा मातृत्त्व लाभ के दावे के लिए नियोक्ता को सूचना देनी होगी तथा गर्भवती को मातृत्त्व लाभ के लिए अनुपस्थिति की अवधि भी बताना होगा । नियोजक द्वारा 6 सप्ताह की औसत मजदूरी का मातृत्त्व के रूप में भुगतान करना होगा ।

Section 6 Women employed will have to give notice for claim of maternity benefit and in case of pregnancy expected period of absence will have to mention.

धारा 8 प्रत्येक स्त्री चिकित्सा बोनस पाने की भी हकदार होगी यदि नियोक्ता द्वारा जन्म पूर्व या बाद निःशुल्क सुविधा नहीं दी गयी है ।

Section 8 A women is entitled to medical bonus if the employer has not provided pre or post natal care free of cost.

धारा- 11 काम पर वापस आने के बाद से संतान के पन्द्रह माह का होने तक महिला कामगार को सामान्य मध्यान्तर के अतिरिक्त दो मध्यान्तर प्राप्त होगा ।

Section 11 A women employee shall get two additional breaks in course or daily work till 15 months age of child on return to duty.

धारा 12 घोर अनियमिता के आधार पर बर्खास्तगी के अतिरिक्त गर्भावस्था के दौरान अनुपस्थित रहने पर किसी स्त्री को काम से बर्खास्त नहीं किया जाएगा । बर्खास्तगी के विरूद्ध अपील बर्खास्तगी की सूचना से 60 दिनों के अन्दर कर सकती है ।

Section 12 During pregnancy if a women absents her dismissal will be unlawdful except in a case of gross miconduct and an appeal may be preferred against such dismissal within 60 days, from the date of communication of such dismissal.

धारा 14 तथा 17

निरीक्षक की बहाली राज्य सरकार करेगी । निरीक्षक मातृत्त्व लाभ दिलाने तथा गलत तरीके से काम से बर्खास्ती की स्वयं जाँच आदि कर न्याय दिलाने का काम करेगा । निरीक्षक आदेश के विरूद्ध 30 दिनों के अन्दर अपील किया जा सकता है ।

Section 14&17

State govt. may appoint Inspection for the Act. Inspector and may direct payment of maternity benefit if withheld. Or dismissed or discharged may order according to the circumstances of the case and against such order may appeal within 30 days by the aggrieved person.

अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989

Scheduled Castes and Scheduled tribes (prevention of Atrocities) Act, 1989.

कोई भी व्यक्ति जो अनुसूचित जाति या जनजाति, जैसा कि संविधान के अनुच्छेद 366 में वर्णित है, का सदस्य नहीं है जन समुदाय के समक्षः ऐसा पदार्थ जो पीने या खाने योग्य नहीं है को पीने या खाने के लिए अनुसूचित जाति या जनजाति के सदस्य को प्रेरित करता है या ऐसा कोई कार्य करता है जिससे हानि पहुँचाता है या अपमान करता है या तंग करता है या निर्वस्त्र करता है या ऐसा कर घुमाता है या चेहरा या शरीर रंगता है जो मानवीय प्रतिष्ठा को कम करता है या उसकी जमीन पर कब्जा करता है या आबाद करता है या उससे बेगारी कराता है या बंधुआ मजदूरी कराता है या मताधिकार से वंचित करने, व्यक्ति विशेष को वोट न देने के लिए धमकाता है या उसके विरूद्ध झूठा मुकदमा करता है या झूठी सूचना लोक अधिकारी को देता है या इनकी महिलाओं को अपमानित करता है या मर्यादा भंग करता है या शारीरिक शोषण करता है या इनके द्वारा उपयोग किये जा रहे झरना या संचित पानी को दूषित करता है या सार्वजनिक स्थल पर जाने से रोकता है या घर या गॉव छोड़ने के लिए दबाव देता है तो उसका यह कृत्य धारा 3 के अन्तर्गत दण्डनीय है और उन्हें कम से कम छः माह जो पाँच वर्ष

Whoever not being a member of a scheduled caste or tribes as described in A. 366 of the constitution of India if in public view to the member of scheduled caste or scheduled tribes forces to drink or eat any uneatable or obnoxious substance or acts to cause injury, insult and annoyance or wrongfully occupies or cultivates his land or wrongully dispossessed from his land or premises or compels to do begar or forces or intimadates not to vote or to vote a particular candidate or institute a false case or gives any false informatin to any public servant or assaults or uses force to women of schedule castes or tribes or dominates will to exploit her sexually or corrupts or fouls the water of any spring, reservioer or denies right of passage to a public resort or prevent from using or having access to a public resort or forces to leave his house, village such act shall be punishable not less than six months but which may extend to five years and with fine u/s 53 (1) or gives or fabricates false evidence to be convicted for life or seven years or commits mischief by fire to cause damage to projection or causes destruction of any building shall also be punishable.

तक की भी हो सकती है की सजा दी जा सकती है ।

अनुसूचित जाति या जनजाति के किसी सदस्य के विरूद्ध ऐसा झुठा साक्ष्य देने या गढ़ने के लिए जिससे उन्हें सजा दिलवायी जा सके जो आजीवन कारावास या 7 वर्ष या उनकी सम्पति को नुकसान करने के लिए या आवासीय परिसर को भी नुकसान करने के लिए करता है तो दण्डनीय होगा (धारा 3(2)) ।

धारा-4 लोक सेवक जो अनुसूचित जाति या जनजाति का सदस्य नहीं है और जानबूझकर इस अधिनियम के अधीन अपना कर्त्तव्य करने में उपेक्षा करता है तो वह दण्ड का भागी होगा ।

Section 4 If a public servant not being member of schedule caste or tribes willfully neglects his duties required to be performed under this act shall be punishable.

धारा-7 यदि कोई इस अधिनियम के अन्तर्गत सजा पाता है तो उसकी सम्पति जिसे अपराध करने में इस्तेमाल किया है, को सरकारी सम्पति घोषित किया जा सकता है या मुकदमा के विचारण के दौरान जब्त किया जा सकता है ।

Section-7 If any person is convicted under the provision of this Act his property may be declared forfeited to Govt. or during the period of such trial be attached.

धारा 10 भारतीय संविधान के अनुच्छेद 244 के अन्तर्गत अनुसूचित क्षेत्र या आदिवासी क्षेत्र में किसी व्यक्ति के द्वारा अपराध करने की संभावना हो तो उसे उस क्षेत्र से बाहर किया जा सकता है ।

Section 10 If a person is likely to commit an offence in any schedule or tribal area as referred u/A 244 of the constitution may be directed to remove himself beyond the limit of such area.

धारा 17 यदि किसी व्यक्ति या समूह द्वारा कोई अपराध कारित किये जाने की संभावना हो तो जिला मैजिस्ट्रेट या अनुमंडलाधिकारी या कार्यपालक दण्डाधिकारी द्वारा उस व्यक्ति या समूह के विरूद्ध निरोधात्मक कार्यवाही की जा सकेगी ।

Section 17 District Magistrate or sub-divisional Magistrate or Excutive Magistrate may take preventive action against such person who is likely to commit or threatens to commit an offence under this act.

धारा 18 इस अधिनियम के अन्तर्गत अपराध कारित करने वाले को अग्रिम जमानत नहीं मिल सकेगा ।

Section 18 An offender under this act shall not be entitled to an anticipatory bail.

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) नियम 1995

The Scheduled Castes and the Scheduled Tribes (prevention of Atrocities) Rules, 1995.

नियम 3(i) (iii)- आवश्यक होने पर पहचान किये गये क्षेत्र के गैर अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के सदस्यों का शस्त्र अनुज्ञप्ति रद्द किया जा सकता है । नियम 3(i)(vi)- अधिनियम के उपबंधों के कार्यान्वयन में सरकार की सहायता के लिए उच्च शक्ति प्राप्त समिति गठित की जाएगी ।नियम 3(1)(viii) के अन्तर्गत जागृति केन्द्र की स्थापना की जाएगी और कार्यशाला आयोजित की जायेगी । नियम 3(1)(ix) के अन्तर्गत गैर सरकारी संस्थान को जागरूकता केन्द्र की स्थापना और उसके रख-रखाव के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा और आर्थिक सहायता दिया जा सकेगा ।

U/r 3 (1)(iii) Arms licence may be cancelled of a person not being a member of Schedule caste or schedule tribe if necessary. U/s 3(1)(vi) a high power committee may be constituted to assit the Government. U/s 3(1)(viii) workshop may be organized and awareness centre may be set-up. U/R 3(1)(ix) encourage Non-Govt. organisation for establishing awareness centre and organizing workshops and provide them necessary financial and other sort of assistance.

नियम 9 राज्य सरकार एक नोडेल आफिसर, जो सचिव स्तर का होगा, की नियुक्ति करेगा। नियुक्ति में अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के व्यक्ति को प्राथमिकता दी जायेगी ।जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस कप्तान तथा जाँच पदाधिकारी के साथ इस अधिनियम के प्रावधानों को लागू करवाने के उद्देश्य से समन्वय स्थापित करने हेतु नोडल अधिकारी की नियुक्ति होगी ।

Rule 9 The State Govt. shall nominate a Nodal Officer of the level of a Secreary to the State Govt. preferably belonging to the scheduled castes or scheduled tribes for co-ordinating the functioning of the D.M. and S.P., other officers authorized by them, I.O. for implementing the provisions of the Act.

नियम 11 नियमानुसार पिड़िता और उसके आश्रितों तथा साक्षियों को यात्रा भत्ता, दैनिक भत्ता, रख-रखाव खर्च का भुगतान किया जायेगा । यह भुगतान तीन दिनों के अन्दर करना है । पीड़ित/ पीड़िता को और उन पर निर्भर व्यक्ति को खुराकी, फल का खर्च एवं चिकित्सकीय खर्च भी देय होगा ।

Rule 11A victim of atrocity and his/her dependent shall be entitled to travelling allowance, daily allowance, maintenance expenses as per provision. It shall be paid/ reimbursed within three days. Diet expenses will also be given. The victim shall also be entitled to reimbursement of payment of medicines, medical consultation, clothing (replacement) meals, fruits etc.

<u>नियम 12</u> जिला मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधीक्षक अत्याचार से हुई जीवन एवं समपति के क्षति का आंकलन करेंगे तथा जैसा सूची I एवं II में वर्णित है शीघ्र राहत देने हेतु कार्यवाही करेंगे।

<u>Rule- 12</u> D.M. and S.P. shall take step to assess the loss of life and damage and to provide immediate relief as per rule mentioned in Annexure I & II.

<u>नियम 15</u> राज्य सरकार आकस्मिक योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित उपाय करेगी:-

नकद या सामग्री या दोनों की तत्काल सहायता, कृषि भूमि एवं घर हेतु जगह का आवंटन करना, पुनर्वास कराना, सरकारी या अर्द्धसरकारी महकमें में पीड़िता के आश्रित या परिवार के एक सदस्य को रोजगार, विधवा मृतक के आश्रित बालक, विकलांग, पीड़ित वृद्व को पेंशन देना, पीड़ितों को आज्ञापक मुआवजा देना, पीड़ित के सामाजिक, आर्थिक स्थिति को मजबूत करना, ईंट इत्यादि से निर्मित घर पीड़ित/पीड़िता को देना तथा अन्य सुविधाओं की व्यवस्था करवाना ।

Rule-15- The State Govt. shall make a plan containing a package of relief measures for immediate cash relief or in kind or both, allotment of agricultural land and house sites, rehabilitation package, to provide employment to the dependent or one of the family members, in Govt. or Govt undertaking pension scheme for widow, dependent children, handicapped or old age victims of atrocity, mandatory compensation, strengthening the socio-economic conditions of the victim, providing bricks/stone masonany house to the victims and other facilities.

नियम 16 एव 17

अधिनियम के उपबंधो के कार्यान्वयन के लिए राज्य स्तरीय, जिला स्तरीय निगरानी एवं देख-भाल समिति की स्थापना करना ।

Rule 16 & 17
Constitution of State level Vigilance and Monitoriing Committee. For implementation of the provisions of the Act.

अनुसूची I जैसा नियम 12 में दिया गया है

Schedule I as in Rule 12

अपराध की प्रकृति	सहायता राशि
<u>धारा</u> 3(1)(i),(ii),(iv),(v)-	प्रत्येक पीड़ित को रू0 पच्चीस हजार या अधिक तथा जमीन, पानी आपूर्ति बहाल करना।
प्रत्येक पीड़ित को	

<u>Sec.</u> 3(1) (i) (ii) (iv) (v). Rs. 25,000/- or more to each victim and land, water supply shall be restored

(1) (vii)	up to 20,000/- to each victim
3(1)(viii),(ix)	Rs. 25,000/- to each victim
3(1),(xi),(xii)3(2)	Rs. 50,000/- to each victim

एक लाख रूपये या सामान्य स्थिति में लाने की पूरी लागत ।

3(1), (xiii), xiv) 3(2) (i) & (ii) Rs. 1,00,000/- or full cost of restoration of normal facility

क्षति का पूर्ण मुआवजा- लोक सेवक द्वारा उत्पीड़न कारित होने पर

100% असमर्थता- एक लाख प्रत्येक पीड़ित को -जो कमाने वाला सदस्य नहीं है ।

दो लाख प्रत्येक पीड़ित को- जो कमाने वाला सदस्य है ।

अयोग्यता की प्रतिशत के अनुसार न कमाने वाले को रू0 15,000/- और कमाने वाले को रू0 30,000/-। नहीं कमाने वाले सदस्य की मृत्यु पर रू0 1,00,000/- एवं कमाने वाले की मृत्यु पर 2,00,000/- ।

3(2) (vii) Full compensation of damage or loss

100% disability- Non-earning member- 1,00,000/- each victim.

Earning member- 2,00,000/- each victim

On death-

non earning Rs. 1,00,000/- and to earning Rs. 2,00,000/-

इसके अतिरिक्त विधवा को प्रतिमाह रू0 1,000/- पेंशन या एक सदस्य को नौकरी, मुफ्त शिक्षा, तीन माह के लिए अनाज व बर्तन इत्यादि की व्यवस्था तथा घर नष्ट होने पर पुनः बनवाना ।

In addition to that as prescribed pension to each widow Rs. 1,000/- per month or employment to one member of the family,cost of education, maintenance and provision for utensils, grains for three months, Brick / stone masonry house to be reconstructed where it has been burnt or destroyed.

राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम 1990

The National Commission for women Act 1990

देश की आधी आबादी को असमानता से बचाने के लिए और देश की प्रगति हेतु यह महसूस किया गया कि महिलाओं के संवैधानिक एवं कानूनी अधिकार की सुरक्षा, समीक्षा एवं अध्ययन करने के लिए, शिकायतों की जाँच और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग का गठन किया जाय ।

To save the half population of the country and for the progress of the country it was realiazed that a National Commission for women be constituted to study and monitor matters relating to constitutional and legal safeguards andto look into the complaints.

धारा 10 आयोग के कार्य- महिलाओं को संविधान एवं अन्य अधिनियमों के अन्तर्गत प्राप्त सुरक्षा से संबंधित मामलों की जाँच एवं परीक्षण करना है । केन्द्र सरकार के समक्ष वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करना । महिलाओं से संबंधित कानूनों के कारगर ढंग से

Functions of the Commission is to investigate and examine all matters relating to the safeguard provided to women under the constitution and other laws, present anual report to the central Govt. to recommend for the effective implementation of safeguards for improv

अनुपालन करने के लिए सिफारिश करना, कानूनी प्रावधानों पर पुनर्विचार करना तथा सुधार के उपाय सुझाना, शिकायतों पर विचार करना, महिलाओं के विरूद्व कानून के उल्लंघन के मामलों को देखना एवं विचार करना, महिलाओं से संबंधित योजनाओं पर सलाह देना एवं प्रक्रिया में भाग लेना, जेल, रिमाण्ड होम का निरीक्षण करना आदि ।

-ing the condition, look into the complaints, take up the cases of violation of the provision or constitution and other laws and advise and take part in plan process, inspect Jail, remand home etc.

किशोर न्याय (बालाकों की देख-रेख और संरक्षण) अधिनियम , 2000

The Juvenile Justice (care and protection of children) Act, 2000

<u>धारा 2 (घ)</u> किशोर जिसे देख-भाल एवं सुरक्षा की आवश्यकता है, से तात्पर्य यह है कि वह किशोर जिसके पास घर या रहने का निश्चित स्थान नहीं है तथा जिसे जीवन निर्वाह का दृश्यमान साधन उपलब्ध नहीं है तथा जो भीख मांगते फिरता है या सड़क का बालक है या कार्यरत बालक है या जो ऐसे आदमी के साथ रहता है जिसने जान से मारने की धमकी दी है या शारीरिक क्षति पहुँचाने की धमकी दी हो या ऐसी संभावना हो या उपेक्षा की हो या ऐसी संभावना हो या बालक मानसिक रूप से या शारीरिक रूप से अस्वस्थ्य हो तथा कोई उसकी देख-भाल करने वाला नहीं हो या अविभावक उसे नियंत्रित करने में अयोग्य हो या बालक का शारीरिक शोषण किया जा रहा हो या वह मानव व्यापार या नशीली दवा का शिकार हो या उसका अनुचित लाभ हेतु दुरूपयोग किया या करने का प्रयास किया जा रहा हो या वह प्राकृतिक आपदा का शिकार हो गया हो ।

Section 2(d)

Child in need of care and protection means a child:

Who has no home or settled place or abode and ostensible means of subsitence or begging or resides with such a person who has threatened to kill or injure the child or is such apprehension or is mentally or physically challanged or no one is to support or parent or gurdian has no control over the child or is tortured or exploited for the purpose of sexual abuse or illegal acts or is likely to be inducted into drug abuse or trafficking or is to be abused for unconscionable gains or a victim of any armed conflict or civil commotion or natural calamity is a such child.

धारा 2(ङ) किशोर गृह से ऐसा संस्थान अभिप्रेत है जिसे राज्य सरकार द्वारा या स्वैच्छिक संस्था द्वारा स्थापित किया गया है धारा 34 के अन्तर्गत सरकार द्वारा अभिप्रमाणित है तथा जिसमें किशोर को जाँच के दरम्यान रखा जायेगा तथा उनके शिक्षा, प्रशिक्षण विकास पुनर्वास एवं चिकित्सा इत्यादि के लिए व्यवस्था होगी ।

Section 2(e) Children's home means an institution established by a State Govt. or by voluntary organisation and certified by that Govt. u/s 34 for reception, care, protection, education and training etc. of a Juvenile.

धारा 2 (ज) योग्य संस्था से मतलब है सरकारी या निबंधित संस्था या स्वैच्छिक संस्था जो किशोर की जिम्मेदारी लेने को तैयार है ।

Section 2(h) Fit institution means a Governmental or registered Non-Governmental or voluntary organisation prepared to own the responsibility of a child.

धारा 2(ट) किशोर या जुवेनाईल से तात्पर्य ऐसे किशोर से है जिसने 18 वर्ष की उम्र पूरी नहीं की है ।

Section 2(k) Juvenile or child means a person who has not completed eighteen years of age.

धारा 2(ठ) किशोर जो कानून के विरोध में है से अर्थ है वह किशोर जिसके बारे में यह कथित है कि उसने अपराध किया है पर घटना के दिन उसकी उम्र 18 वर्ष पूरी नहीं की हो ।

Section 2(L) Juvenile in conflict with law means a juvenile who is alleged to have committed an offence and has not completed 18 years of age as on the date of commission of such offence.

धारा 2(ण) संप्रेक्षण गृह जो राज्य सरकार द्वारा या राज्य सरकार द्वारा प्रमाणित तथा स्वैच्छिक संस्था द्वारा सत्यापित हो ।धारा 8 के अन्तर्गत अस्थायी रूप से जो किशोर विधि के विरोध में है, को रखेगा तथा सेवा प्रदान करेगा । इसमें 7 वर्ष से 12 वर्ष, 12 वर्ष से 16 वर्ष एवं 16वर्ष से 18 वर्ष के किशोर को अलग-अलग इकाई में रखेगा ।

Section 2(o) observation home means a home established by a State Govt. or by a voluntary organisation certified by a State Govt. for reception of juvenile in conflict with law of the age of 7 years to 12 years, 12 years to 16 years and 16 years to 18 years in separate unit u/s 8.

धारा-2(स) आश्रय गृह से अर्थ है गृह जो धारा 37 के अन्तर्गत राज्य सरकार या सक्षम एवं साख वाले स्वैच्छिक संस्था द्वारा स्थापित किया गया है । सरकार ऐसी संस्था को सहायता प्रदान करेगा ताकि आश्रय गृह, जितना आवश्यक हो, की स्थापना की जा सके ।

Section 2(4) Shelter home means a home or a drop in centre set up u/s 37 and shall function as drop in centre for the children.

धारा 2(फ) विशेष गृह से अर्थ उस संस्थान से है जो राज्य सरकार द्वारा या स्वैच्छिक संस्था द्वारा स्थापित किया गया है तथा धारा 9 के अन्तर्गत सरकार द्वारा प्रमाणित है तथा जहाँ किशोर, जो विधि के विरोध में है, को लाया जा सकेगा तथा बसाने के लिए कार्य करेगा एवं राज्य सरकार विशेष गृहों के प्रबंधन आदि के लिए नियम बनायेगी ।

Section 2(v) Special home means an institution established by a State Govt. or by a voluntary organisation and certified by the Govt. u/s 9 for reception and rehabilitation of juvenile in conflict with law and the Govt. may by rules made provide management of special homes.

धारा 3 जब किसी किशोर के संबंध में जाँच प्रारंभ की गयी है तो किशोरावस्था की समाप्ति के बाद भी यह जाँच यह मानते हुए जारी रहेगी कि वह अभी भी किशोर है ।

Section 3 When an enquiry has been initiated the same may continue even after he Ceases to be a juveniles as if he is still a juvenile or child.

धारा 4 राज्य सरकार अधिसूचना जारी कर सभी जिलों में किशोर न्याय पर्षद का गठन करेगी जिसके सदस्य मैट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट या प्रथम श्रेणी न्यायिक दण्डाधिकारी एवं दो सामाजिक कार्यकर्त्ता होंगे जिसमें एक महिला सदस्य होगी । न्यायिक दण्डाधिकारी को किशोर के मनोविज्ञान या किशोर कल्याण के बारे में विशेष ज्ञान पर प्रशिक्षण प्राप्त होगा और सामाजिक कार्यकर्त्ता सदस्य ऐसा होगा जिसने 7 वर्ष तक स्वास्थ्य, शिक्षा या किशोर की गतिविधि में भाग लिया हो ।

Section 4 The State Govt. by notification may constitute Juvenile Justice Board in every District and members of Board shall be Matropolitan Magistrate or Judicial Magistrate having spl. knowledge or training in child psychology or child welfare and two social worker as members who have been actively involved in health, education or welfare activities pertaining to children for at least seven years.

धारा 7 यदि किसी दण्डाधिकारी अधिकार को परिषद की शक्तियाँ प्राप्त नहीं है तो वह इस आशय का मंतव्य अंकित करते हुए अभिलेख एवं किशोर को सक्षम पदाधिकारी के पास भेजेगा ।

Section 7 If any Magistrate has no jurisdiction or power to exercise the power of a Board he may record his opinion and send the juvenile and record to the competent Authority.

धारा 7(क) प्रक्रिया जो किशोर होने का दावा करने पर अपनायी जायेगी -
किसी भी न्यायालय के समक्ष किसी भी समय किशोर होने का दावा किया जा सकेगा और कोर्ट घटना घटित होने के दिन की तिथि को अभियुक्त की उम्र क्या थी, इसका निर्धारण करेगा ।

Section 7 (A) Procedure to be followed when a claim of Juvenile is raised-

Before any court at any stage claim of juvenile may be raised and the court shall determine the age on the date of commission of an offence.

धारा 10 किसी भी किशोर को गिरफ्तार करने पर उसे तत्काल बोर्ड के सदस्य के समक्ष प्रस्तुत करना होगा और किसी भी हालत में उसे जेल में या पुलिस हाजत में नहीं रखा जाएगा ।

Section 10 On apprehension of a juvenile in conflict with law shall be produced befoe a member of the Board immediately and in no case shall be placed in Jail or police lockup.

धारा 12 किशोर को जमानत-
किसी भी विधि विवादित किशोर को प्रतिभू या बिना प्रतिभू के जमानत पर छोड़ा जा सकेगा या प्रोबेशन पदाधिकारी या योग्य व्यक्ति या संस्था के संरक्षण में रखने का आदेश दिया जा सकेगा । लेकिन जमानत पर छोड़ने से यदि किशोर किसी ज्ञात अपराधी की संगत में चला जायेगा या उसे नौतिक या शारीरिक या मनोवैज्ञानिक खतरे में डाल देगा तो किशोर को जमानत पर छोड़ने के बजाय उसे संप्रेक्षण गृह में रखा जाएगा ।

Section 12 A Juvenile may be released on bail with or without surety or may be placed under the supervision of probation officer or under the care of a fit person or institution but shall not be released if a juvenile on release is likely to bring him into association with any known criminal or expose to moral, physical or psychological danger or his release will defeat the ends of justice then a juvenile shall be kept in observation home, if not so released.

धारा 13 किशोर की गिरफ्तारी पर उसके अविभावक या माता-पिता को बोर्ड के समक्ष उपस्थित रहने के संबंध में सूचना दी जायेगी ।

Section 13 On arrest of a juvenile parent or guardian shall be informed to remain present before the Board.

धारा 14 बोर्ड किशोर के विरूद्ध आरोपों के संबंध में जाँच करेगा और इसे चार माह के अन्दर पूरा करेगा ।

Section 14 Board shall hold the enquiry in relation to charges against the juvenile and shall complete it within a period of 4 months.

धारा 15 किशोर के संबंध में निम्नलिखित आदेश पारित किया जायेगा -
उसे घर जाने की सलाह के बाद या चेतावनी के बाद या समुदाय सेवा करने या माता-पिता को जुर्माना देने या अच्छे आचरण की परिवीक्षा पर छोड़ने का आदेश और माता-पिता के देखभाल में रहने, जो तीन वर्ष की अवधि के लिए होगा या विशेष गृह में इतनी अवधि के लिए भेजा जा सकेगा ।

Section 15 Order regarding juvenile may be passed-
to go to home on advice or after admonition may be released or for counselling or may order to release on probation of good conduct and placed under the care of parent or guardian, fit person for a period of three years or order to pay fine by parents or order to send special home for three years.

धारा 16 किसी विधि विवादित किशोर को मृत्यु दंड या आजीवन कारावास या जुर्माना भरने में व्यक्तिक्रम पर कारावास की सजा नहीं दी जायेगी ।

Section 16 No juvenile in conflict with law shall be sentenced to death or life imprisonment or commited to prison in default to pay fine.

धारा 29 राज्य सरकार देखभाल एवं सुरक्षा की आवश्यकता वाले बालक के संबंध में बाल कल्याण समिति का गठन करेगी । समिति धारा 33(3)के अनुसार यदि किशोर को आश्रय नहीं है तो उसके पुनर्वास तक या 18 वर्ष की उम्र तक बालक गृह में रहने के संबंध में अनुमति देगी ।

Section 29 The State Govt. shall constitute a child welfare committee in relation to child in need of care and protection under the Act and u/s 33(3) may allow child to remain in children home till his rehabilitation or till be attains the age of 18 years.

धारा 52 सक्षम प्राधिकार के आदेश के विरूद्ध सत्र न्यायालय के समक्ष 30 दिनों के अन्दर अपील किया जा सकेगा ।

Section 52 Against the order of a competent Authority an appeal within 30 day may be preferred.

धारा 53 सक्षम प्राधिकार या सत्र न्यायालय के आदेश के विरूद्ध उच्च न्यायालय में पुनरीक्षण दाखिल किया जा सकता है ।

Section 53 Against the order of a competent Authority or court of session a revision may be preferred before High Court.

धारा 62(क) राज्य सरकार अधिनियम के उपबंधों के अनुपालन हेतु किशोर सुरक्षा इकाई की स्थापना करेगी ।

Section 62A The State Govt. shall constitute a child protection unit for implementation of the Act.

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986

The Consumer Protection Act 1986

धारा 2(ख) के अन्तर्गत शिकायतकर्त्ता उपभोक्ता या स्वतंत्र उपभोक्ता संघ जो निबंधित हो या केन्द्र या राज्य सरकार हो सकती है ।

शिकायत से मतलब है लिखित शिकायत जो शिकायतकर्त्ता द्वारा अनुचित व्यापार अभ्यास करने के विरूद्ध या किसी वस्तु में विकार (त्रुटि) होने या किसी सेवा में कमी (न्यूनता) के लिए की गयी है (धारा 2ग)।

Section 2B Provides that complainant may be either who is a Consumer or a registered consumer association, Central or State Govt. who make a complaint.

"Complants" means a complaint in writing against unfair trade practice or for defect in goods or defeciency in service for which consideration is paid. A complaint may be filed before District Consumer Forum (Section 2.c).

धारा 2(घ)- उपभोक्ता- जिसने वस्तु का क्रय किया हो या मूल्य (प्रतिफल) के एवज में सेवा लिया हो ।उपभोक्ता वस्तु में त्रुटि या सेवा में कमी के लिए जिला उपभोक्ता फोरम के समक्ष लिखित शिकायत कर सकता है । ऐसा व्यक्ति जो माल पुनः विक्रय या वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए प्राप्त करता है वह उपभोक्ता की परिभाषा में नहीं आयेगा ।

Sec. 2(d)- "Consumer" means any person who buys any goods or hires or avail any services for a consideration. It does not include a person who obtains goods for resale or for any commercial purpose.

धारा 11 के अनुसार जिला उपभोक्ता फोरम के समक्ष 20 लाख रूपये तक के वस्तु या सेवा या मुआवजा के लिए शिकायत की जा सकती है तथा धारा 17 के अनुसार राज्य उपभोक्ता आयोग के समक्ष 20 लाख रूपये से अधिक और एक करोड़ तक मूल्य के सेवा या प्रतिकर के संबंध में परिवाद किये जा सकता है । राज्य उपभोक्ता आयोग में जिला उपभोक्ता फोरम के आदेश के विरुद्व तीस दिनों के अन्दर अपील भी दायर किया जा सकता है ।

Under Section 11

District Forum shall have jurisdiction to entertain complaints where the value of goods or service and compensation, if any, claimed does not exceed rupees twenty lakhs. State Consumer Commission have jurisdiction to entertain complaints where the value exceeds rupees twenty lakhs but does not exceed one crore rupees (S 17). Against the order of the District Consumer Forum an appeal may be filed before State Consumer Commission within 30 days from the date of order.

विवाह संबंधी नियम

Laws relating to Marriage

हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955

The Hindu Marriage Act, 1955

हिन्दू विधि के अनुसार विवाह एक धार्मिक कृत्य या संस्कार या अनुष्ठान है जो शुद्धता के लिए आवश्यक है और शास्त्र के अनुसार यह जीवन पर्यन्त एवं मृत्योपरान्त भी समाप्त नहीं किया जाने वाला संबंध है ।

विवाह के कई प्रचलित रूप थे पर हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 में वैध विवाह की मान्यता के बारे में प्रावधान बनाया गया ।

यह अधिनियम हिन्दू, जो धर्म के अनुसार चाहे किसी रूप के अन्तर्गत आते हो और उनमें विराशैवम, लिंगायत या ब्रह्मो, या आर्य समाज, बौद्ध, जैन या सिख धर्म का मानने वाला हो, पर लागू होता है ।

Hindu Law considers marriage to be a sacrament and according to Hindu religion it is a gift of the bride to the bridegroom and did not permit dissolution of the marriage during the life time and even after the death.

There were several forms of marriage but after Hindu Marriage Act being came into existence, some provisions have been made to recognize the valid marriage.

This Act applies to a Hindu who comes under any form, including Virashiva, Lingayat or Arya Samaj, Buddist, Jaina or Sikh by religion.

धारा- 5

दो हिन्दूओं के बीच वैध विवाह के लिए यह शर्त है कि:-

1. विवाह के समय किसी पक्षकार को जीवित पति/पत्नी न हो
2. विवाह के समय

क. कोई पक्षकार विधि मान्य सहमति देने में मानसिक तौर पर अयोग्य नहीं हो;

ख. या इस हद तक मानसिक विकार से पीड़ित न हो कि वह विवाह एवं संतान उत्पन्न करने में अक्षम हो ;

ग. लगातार पागलपन या मिरगी से ग्रस्त न हो

3. वर की उम्र 21 वर्ष तथा कन्या की उम्र 18 वर्ष से कम न हो;
4. वर और कन्या प्रतिबंधित संबंधो के अन्तर्गत न आते हो;

5. सपिन्ड के अन्तर्गत न आते हो ।

धारा -7

(1) हिन्दू विवाह उसके पक्षकारों में से किसी के भी रिवाज और कर्मकाण्ड के अनुसार किया जा सकता है ।

(2) यदि रिवाज और कर्मकाण्ड में सप्तपदी (अग्नि के चारों ओर सात फेरे) सन्निहित है तो विवाह सातवाँ फेरा लेने पर पूर्ण होगा ।

धारा-8

विवाह होने के प्रमाण स्वरूप राज्य सरकार द्वारा बनाये गये नियम के अनुसार निबंधन विवाह निबंधक के यहाँ कराया जा सकता है ।

Section 5

A marriage may be solemnized in between two Hindus, if the following conditions are fulfilled:-

i. neither party has a spouse living at the time of the marriage

ii. at the time of marriage, neither party:-

a) is incapable of giving a valid consent

b) not suffering from mental disorder or is not unfit for marriage and the procreation of children

c) not victim of insanity or epilepsy.

iii) the bridegroom has completed the age of 21 yrs. and the bride the age of 18 yrs. at the time of marriage.

iv) the parties are not within the degrees of prohibited relationship

v) and are not sapindas of each other.

Section -7

1) A hindu marriage may be solemnized in accordance with the customary rites and ceremonies of either party thereto

2) where such ceremonies and rites includes saptapadi the marriage becomes complete when the seventh step is taken.

Section -8

For the purpose of proof a marriage it may be entered in the register kept in the office of Marriage Registrar.

धारा-9

जब विवाह का एक पक्षकार दूसरे के साथ से बिना उचित कारण के स्वयं को अलग कर लिया हो तो विवाह का क्षुब्ध पक्षकार जिला न्यायालय में आवेदन देकर वैवाहिक अधिकार के पुनर्स्थापन की प्रार्थना कर सकेगा ।

धारा- 10

विवाह का कोई पक्षकार धारा 13 (1) के आधार पर तथा पत्नी धारा 13(2) के अतिरिक्त आधार पर न्यायिक अलगाव हेतु आवेदन दे सकती है और डिक्री पारित होने के पश्चात् शारीरिक संबंध स्थापित करने के लिए बाध्य नहीं है ।

धारा- 11

धारा 5 के खण्ड (i) , (iv) तथा (v) की शर्तो के विरूद्ध की गयी शादी शून्य समझी जायेगी जिसकी घोषणा कोई पक्षकार डिक्री द्वारा करवा सकता है ।

धारा -12

हिन्दु विवाह का पक्षकार विवाह को शून्यीकरण करार दिये जाने की प्रार्थना कर सकता है यदि (क) वैवाहिक संबंध नपुंसकता के कारण स्थापन नहीं कर पाये या (ख) धारा 5(ii) का उल्लंघन हुआ हो या (ग) अविभावक से बल या धूर्तता से सहमति प्राप्त की गयी हो या (घ) उत्तरवादी पक्षकार शादी के समय अर्जीदार से भिन्न किसी व्यक्ति से गर्भवती हो ।

आवेदन उपधारा 2 के प्रावधानों के अन्तर्गत होना चाहिए

Section -9

When either the husband or wife without reasonable excuse has withdrawn from the society of the other, the aggrieved may apply to District Court for restitution of conjugal rights.

Section- 10

Either party to a marriage may present a petition for Judicial separation on the grounds specified in section 13(1) and wife on the additional grounds specified in section 13(2) of Hindu Marriage act and on passing a decree wife is not under obligation to cohabit.

Section -11

Any party to a marriage may obtain a decree of nullity if a marriage contravenes any of the conditions specified in clauses (i) (iv) and (v) of section 5.

Section- 12

A party to marriage may present a petition for declaration of marriage voidable if (a) marriage has not been consumated owning to impotence or (b) contravenes clause (ii) of section 5 or (c) consent of guardian has been obtained by force or fraud or (d) the respondent was pregnant at the time of marriage by some other person than petitiner.

A petition should be presented in accordance with the provision of sub-section (2).

धारा -13

विवाह-विच्छेद

पति या पत्नी निम्नलिखित आधार पर विवाह-विच्छेद की डिक्री पारित करने के आवेदन दे सकतें हैः-

(i) विवाह के बाद स्वेच्छा से एक दूसरे के अलावे अन्य से शारीरिक संबंध स्थापित करने के आधार पर

1(i क) यदि आवेदक के साथ क्रूरता का व्यवहार किया गया हो

(iख) आवेदन देने के ठीक दो लगतार वर्षो से त्यागकर दिया गया हो

(ii) हिन्दू धर्म का त्याग कर दिया गया हो

(iii) असाध्य मानसिक रोग से ग्रस्त हो एवं साथ जीना तार्किक न हो

(iv) उग्र और असाध्य कुष्ठ रोग से ग्रस्त हो

(v) संचारी रूप से रतिज रोग से ग्रस्त हो

(vi) किसी धार्मिक पंथ के अनुसार संसार का परित्याग कर चुका हो

(vii) दूसरा पक्षकार जीवित है या नहीं इसकी सूचना विगत सात वर्षो से नहीं है ।

Section- 13

Divorce

Either husband or wife may present a petition for dissolution of marriage on the following ground:

(i) Either had voluntary sexual intercourse after the marriage with any other person

(ia) treated the petitioner with cruelty

(ib) has deserted for a continuous period of not less than two years immediately preceding the presentation of the petition.

(ii) has ceased to be a Hindu by conversion to another religion.

(iii) has been incurably of unsound mind or suffering continuonsly or intermittently from mental disorder and can not reasonably be expected to live with.

(iv) has been suffering from a virulent and incurable form of laprosy

(v) suffering from veneral disease in a communicable form

(vi) has renounced the world by entering any religions order

(vii) has not been heard of as being alive for a period of seven years or more.

गया है तो आदेश पारित किया जा सकेगा ।

(1क) यदि न्यायिक अलगाव की डिक्री या वैवाहिक संबंध की पुनर्स्थापन की डिक्री के पश्चात् एक वर्ष तक शारीरिक संबंध स्थापित नहीं हुआ हो तो भी विवाह विच्छेद हो सकता है ।

Either party to a marriage present a petition on the grounds of:

No resumption of cohabitation for a period of one year or upward after a decree for judicial separation or restitution of conjugal rights.

(2) पत्नी निम्न अतिरिक्त आधारों पर आवेदन देकर विवाह विच्छेद की प्रार्थना कर सकती है यदिः-

(2) A wife may also present a petition for dissolution of marriage on the ground:

(क) पति ने कानून के आने के पूर्व शादी की और बाद में दूसरी शादी कर ली जबकि पहली पत्नी आवेदन के समय जीवित हो या

(i) husband married again after commencement of this Act and wife was alive at the time of petition

(ख) पति विवाह के पश्चात् बलात्कार, अप्राकृतिक यौन संबंध या पशुगमन का दोषी रहा हो ।

(ii) husband has been guilty of rape, sodomy or bestiality .

(ग) भरण-पोषण के आदेश पारित होने के बाद एक वर्ष या अधिक समय तक शारीरिक संबंध स्थापित नहीं हुआ हो या पत्नी की उम्र शादी के समय 15 वर्ष से कम की हो और उसने 15 वर्ष की आयु प्राप्त करने के पश्चात् परन्तु 18 वर्ष की आयु प्राप्ति के पूर्व शादी का निराकरण कर दिया हो ।

(iii) After passing order of maintenance to wife she was living apart and cohabitation between the parties has not been resumed for one year or upwards (iv) at the time of her marriage wife was below 15yrs and she has repudiated the marriag after attaining the age of 15 yrs. but before attaining age of 18 years.

धारा-13(बी)

आपसी सहमती से विवाह-विच्छेद इस आधार पर होगा कि एक वर्ष या अधिक से पति-पत्नी अलग रह रहे हैं तथा साथ रहने का प्रयास नहीं हुआ तथा आवेदन की तिथि से छः माह पश्चात तथा 18 माह पूर्व यदि आवेदन नहीं लौटाया

Section 13(B)

Divorce by mutual consent on presenting petiton jointly by both the parties may be on the ground if they have been living separately for a period of one year or more and have not been able to live together from the date of presentation of

petition not before six month and not later than 18 month such decree may be passed.

शारीरिक संबंध बनायेगा न्यायालय परिवर्तन कर सकेगा ।

धारा -14

विवाह-विच्छेद का आवेदन शादी से एक वर्ष के अन्दर न्यायालय द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा ।

Section 14

No petition for divorce to be presented within one year of marriage.

धारा-15

विवाह विच्छेद के पश्चात् कोई पक्षकार, यदि अपील करने का अधिकार नहीं है और यदि है तो उसकी सीमा समाप्ति तक अपील नहीं की गई है और यदि अपील की गई थी तो वह खारीज हो गई है, पुनः विवाह कर सकता है ।

Section- 15

Divorced persons may marry again either there is no right of appeal or if there is such right but appeal not presented or if presented but has been dismissed, parties may marry again.

धारा-24

यदि पति या पत्नी को पर्याप्त स्वतंत्र आमदनी नहीं है तो पति-पत्नी के बीच किसी कार्यवाही के दौरान दोनों में से किसी को कार्यवाही के दौरान भरण-पोषण देने का आदेश न्याालय दे सकेगा तथा मुकदमा खर्च देने का भी आदेश पारित किया जा सकेगा ।

Section 24

The Court may grant maintenance during the proceeding either to wife or husband if he/ she has no independent sufficient income to support and may also grant expenses of the proceeding.

धारा-25

न्यायालय कोई डिक्री पारित करने के समय या उसके बाद पति या पत्नी के द्वारा आवेदन दिये जाने के बाद भरण-पोषण का आदेश आवेदनकर्त्ता के पक्ष में देगा और ऐसी एक मुश्त राशि सहायता के रूप में देगा जो जीवन पर्यन्त होगा तथा इस आदेश में पत्नी के विरूद्ध तब जब वह अपना सतीत्व खो देगी और पति के विरूद्ध तब जब वह परनारी के साथ

Section 25

On application made either by husband or wife at the time of passing a decree or subsequent thereto the court shall pay maintenance and support such gross sum for a term not exceeding the life and in the order change may be made if wife has not remained chaste or husband has had sexual intercourse with any woman outside wedlock.

धारा-26

न्यायालय समय-समय पर नाबालिग संतान के अभिरक्षा, भरण-पोषण एवं शिक्षा के संबंध में आदेश पारित कर सकेगा या डिक्री में ऐसी व्यवस्था करेगा ।

हिन्दू दत्तक एवं भरण-पोषण अधिनियम, 1956

धारा-7

हिन्दू पुरूष जो स्वस्थ चित्त हो और वह नाबालिग नहीं हो तब वह अपनी पत्नी की सहमति से, यदि वह जीवित है या संसार का त्याग नहीं कर दी हो या हिन्दू न रह गयी हो या सक्षम न्यायालय द्वारा उसे मानसिक रूप से अस्वस्थ्य घोषित न कर दिया गया हो, पुत्र या पुत्री दत्तक (गोद) ले सकता है । ।

धारा-8

हिन्दू महिला द्वारा पुत्र या पुत्री को गोद लेने के लिए उसे स्वस्थ्य मस्तिष्क, बालिग तथा अविवाहित होना चाहिए और यदि विवाहिता है तो उसका विवाह विच्छेद हो गया हो या पति की मृत्यु हो चुकी हो या पति पूर्ण रूप से संसार का परित्याग कर चुका हो या हिन्दू नहीं रह गया हो या सक्ष्म न्यायालय द्वारा मानसिक रूप से अस्वस्थ्य घोषित कर दिया गया हो ।

धारा-9

